हरिभूमि

# छिंदवाड़ा भूमि

5

जबलपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

login : www.haribhoomi.com

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

## तीन साल से वन भूमि में अवैध उत्खनन, 10 लोगों की लिखित शिकायत ने खोली पोल

# तामिया जंगलों में 'रेत माफिया राज'!


## डिप्टी रेंजर-नाकेदार पर संरक्षण के आरोप लाखों की वसूली का खेल उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया रेंज के कुआं बादला सर्कल में वन संपदा की खुली लूट का मामला अब सतह पर आ चुका है। आरोप इतने गंभीर हैं कि यदि इनमें सच्चाई का अंश भी निकला, तो वन विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो जाएगा। पिछले लगभग तीन वर्षों से वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी रहा और हैरानी की बात यह है कि यह सब कथित रूप से विभागीय संरक्षण में होता रहा।

स्थानीय सूत्रों और शिकायतकर्ताओं के अनुसार, इस पूरे खेल का संचालन नाकेदार और डिप्टी रेंजर की मिलीभगत से किया जाता रहा। आरोप है कि रेत माफियाओं से "मंथली" वसूली कर उन्हें जंगल के भीतर से रेत निकालने की खुली छूट दी गई। हालात ऐसे हो गए कि जिस गोद्रा नदी में कभी उत्खनन नहीं हुआ, वहां भी अब रेत चोरी के गहरे निशान साफ दिखाई दे रहे हैं।





### सरकारी वाहन बना 'निजी सवारी'?

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि नाकेदार और डिप्टी रेंजर वन विभाग के वाहन का इस्तेमाल निजी कार्यों के लिए करते थे। यदि वाहन की लॉग बुक की जांच की जाए, तो यह स्पष्ट हो सकता है कि वाहन कितने किलोमीटर चला और उसका वास्तविक उपयोग क्या था। वाहन चालक पर भी आरोप लगे हैं कि वह पैसे लेकर रेत माफियाओं को सूचना देता था। हालांकि, शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि उसने कई बार उन्हें गुमराह भी किया।

### मिलीभगत से 'रेत का साम्राज्य' एवं जांच के घेरे में पूरा अमला

इन सभी तथ्यों को जोड़कर देखें तो साफ संकेत मिलता है कि तामिया के कुआं बादला सर्कल में वन अमले की मिलीभगत से अवैध रेत उत्खनन का बड़ा नेटवर्क संचालित हो रहा था। यह सिर्फ पर्यावरण के लिए खतरा नहीं, बल्कि सरकारी राजस्व की भी भारी क्षति है। अब यह पूरा मामला वन संरक्षक छिंदवाड़ा के पास पहुंच चुका है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आरोप कितने सही हैं और कितने गलत। लेकिन इतना तय है कि इस मामले ने वन विभाग की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

### जंगल में गूंजता रहा 'रेत कारोबार' का शोर

वन क्षेत्र, जो जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन के लिए सुरक्षित माना जाता है, वहीं अब अवैध गतिविधियों का अड्डा बनता जा रहा है। कुआं बादला सर्कल के जंगलों में भारी वाहनों के गहरे निशान इस बात की गवाही देते हैं कि यहां लंबे समय से रेत का अवैध परिवहन जारी था। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहन जंगल में प्रवेश करते और सुबह होने से पहले बाहर निकल जाते थे। यह सब बिना किसी डर के होता रहा, जिससे यह संदेह और गहरा होता है कि बिना अंदरूनी मिलीभगत के ऐसा संभव नहीं।

### मीडिया की चेतावनी भी बेअसर

समाचार पत्र हरिभूमि लगातार इस मुद्दे को उठाता रहा। सचित्र खबरों के माध्यम से वन भूमि में हो रही रेत चोरी को उजागर किया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी हर बार इन खबरों को नकारते रहे। रेंजर, एसडीओ और डीएफओ स्तर तक के अधिकारियों ने हमेशा स्थिति को सामान्य बताने की कोशिश की, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर सच्चाई को दबाने की कोशिश क्यों की गई?

### ट्रैक्टर जब्ती का 'संदिग्ध' मामला

हाल ही में कुआं खुट्टी के जंगल में रेत भरते एक ट्रैक्टर को पकड़े जाने का दावा करते हुए रेंजर द्वारा एक प्रेस नोट जारी किया गया। लेकिन इस पूरे मामले ने नया मोड़ तब लिया जब प्रेस नोट में घटनास्थल की बजाय वन चौकी में खड़े ट्रैक्टर की फोटो जारी की गई।ट्रैक्टर मालिक दुर्गेश यदुवंशी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह फर्जी बताते हुए कलेक्टर की जनसुनवाई, वन संरक्षक, वन मंडल अधिकारी और पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को लिखित शिकायत दी है। उनका दावा है कि उनका ट्रैक्टर घटना के समय घर पर खड़ा था और उन पर झूठा प्रकरण बनाया गया। यदि यह आरोप सही साबित होता है, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर गहरा आघात होगा।

### 10 लोगों की शिकायत ने मचाया हड़कंप

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू तब सामने आया जब 10 लोगों ने एक साथ लिखित शिकायत देकर नाकेदार रामदास शर्मा और डिप्टी रेंजर फूलभानशा इनवाती पर गंभीर आरोप लगाए। शिकायतकर्ताओं में नीरज सूर्यवंशी, रंजीत इनवाती, मन्नू सूर्यवंशी, दुर्गेश यदुवंशी, बृजेश सूर्यवंशी, रोहित साहू, जग्गा कवरेती, कपूर चंद्र धुर्वे, तरुण उईके और मयूर राय शामिल हैं। इन सभी ने आरोप लगाया है कि उनसे रेत उत्खनन के नाम पर लाखों रुपए वसूले गए। यह भी कहा गया कि पैसे लेने के बावजूद कई बार उन्हें धोखा दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा एक ही तरह के आरोप लगाना इस पूरे मामले को और गंभीर बना देता है। सवाल यह उठता है कि क्या बिना ठोस आधार के इतने लोग एक साथ शिकायत करेंगे? यदि इतने लंबे समय से यह खेल चल रहा था, तो जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे? क्या यह सब उनकी जानकारी में था या फिर उन्होंने जानबूझकर आंखें मूंद रखी थीं?

## लोगों के सुख-दुख में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं।

इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम पंचायत औरिया पहुंचकर सरपंच विवेक राऊत के दादाजी स्वर्गीय रामाराव राऊत के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। चौरई में अवनीत गंगवाल के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता सुरेश चंद्र गंगवार के निधन पर दुखः व्यक्त किया। वहीं ग्राम हरदुआ पहुंचकर फुलकुमार साहू के सुपुत्र सोनू साहू के विवाह के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

चौरई के ग्राम पिपरिया पहुंचकर सुखलाल वर्मा की धर्मपत्नी स्वर्गीय रामशीला वर्मा के निधन पर दुख जताते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया। ग्राम कोटलबर्री पहुंचकर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान के विवाह समारोह में शामिल होकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सांसद बंटी विवेक साहू ने मुकेश सहारे के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय संतराम सहारे के निधन पर दुखः व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### कोतवाली पुलिस की सफलताः लालबाग चोरी कांड का खुलासा

## सात लाख के जेवर बरामद, चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

कोतवाली पुलिस ने लालबाग क्षेत्र में हुई सनसनीखेज चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। मामले में एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को प्रार्थिया विमला तंतुवाय (53), निवासी सनराइज स्कूल के पास लालबाग ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की रात वह अपने लकवाग्रस्त पति को घर पर छोड़कर शादी समारोह में गई थीं। जब वह देर रात वापस लौटीं, तो घर की आलमारी खुली मिली और उसमें रखे करीब 5 लाख रुपये के जेवर गायब थे। उनके पति ने बताया कि दो अज्ञात युवक घर में घुसकर मारपीट करते हुए जेवर लेकर फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देश पर जिलेभर में आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी आशीष कुमार धुर्वे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और प्रार्थिया से गहन पूछताछ की। इस दौरान एक अहम सुराग मिला—सलमान नामक युवक, जो घर में आता-जाता था और खुद को परिवार का परिचित बताता था। पुलिस ने संदेह के आधार पर सलमान (35) निवासी उंटखाना को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ चोरी करना कबूल कर लिया।

सलमान ने बताया कि उसने अपने साथी आशिफ खान, आशिक धुर्वे, सुमित भलावी और राज यादव के साथ मिलकर वारदात की साजिश रची थी। उसे पता था कि घर में सोना-चांदी के जेवर रखे हैं और पीड़िता उस रात घर पर नहीं होगी। इसी जानकारी के आधार पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 4 तोला सोना और आधा किलो चांदी सहित कुल 7 लाख रुपये के जेवर बरामद किए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। फरार आरोपी राज यादव की तलाश जारी है।इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, उप निरीक्षक ब्रिजेश रघुवंशी, उप निरीक्षक प्रकाश सनोडिया, प्रधान आरक्षक नितिन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

## स्वच्छता को लेकर सख्तीः नदी-नालों में कचरा फेंकने पर जुर्माना तय

**तामिया।** ग्राम पंचायत तामिया में स्वच्छता और नल-जल व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में व्यापारियों और ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक में तय किया गया कि अब नदी-नालों या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत इस संबंध में सख्त कार्रवाई करेगी ताकि क्षेत्र में स्वच्छता का माहौल बना रहे। इसके साथ ही गांव में घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़कर गोशाला भेजने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सड़कों पर गंदगी और अव्यवस्था को रोका जा सके।सरपंच विसनिया भारती की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में पानी की निकासी और नालियों की सफाई को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों और व्यापारियों से सुझाव लिए गए कि किस प्रकार गांव की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। इस दौरान स्वच्छता समिति का गठन भी किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कचरा गाड़ी को हर वार्ड तक नियमित रूप से पहुंचाने और नल-जल योजना के सुचारू संचालन पर बल दिया।



## रामगढ़ सरपंच पति की थाने में की शिकायत

### पंचायत भवन में बैठकर ग्रामीणों से की जा रही अभद्रता



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

चौरई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में सरपंच पति अशोक पंचेश्वर द्वारा पंचायत भवन में बैठ कर ग्रामीणों से अभद्रता डारने धमके का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत चौरई थाने में दर्ज कराई गई।

ग्रामीण मुकेश चंद्रवंशी ने जानकारी में बताया है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा रामगढ में बनी गौशाला के उन्नत कार्य करने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु पंचायत मद से 5,35000 की राशि स्वीकृत हुई है जिसमें सरपंच पति अशोक पंचेश्वर और सचिव चरणदास डेहरिया द्वारा भारी भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाए जा रहे है। पंचायत में होने वाले अन्य शासकीय कार्यों में सरकारी पैसों की जमसे बंदर वाट की जा रही किंतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिस कारण पंचायत में किए जाने वाले शासकीय कार्य की जानकारी के लिए मुकेश चंद्रवंशी द्वारा आरटीआई लगाई गई थी।

आरटीआई के माध्यम से कहां किता खर्चा किया गया उन खर्चों की सत्यापित जानकारी मांगी गई थी जिस वजहे से सरपंच पति नाराज़ चल रहे थे, तभी शुक्रवार के दिन अचानक किसी कारण बस मुकेश चंद्रवंशी का पंचायत भवन पहुंचना हुआ तो वहां पर ग्राम सरपंच मौजूद नहीं थी उनकी जगह उनके पति काम कर रहे थे।

इसका विरोध उनके द्वारा किया गया और पूछा गया सरपंच की कुर्सी पर आप क्यों बैठे है सरपंच क्यों खुद मौजूद नहीं है जिस पर सरपंच पति भड़क उठे और मुकेश चंद्रवंशी को डरने धमकाने के साथ ही अभद्रता करने लगे और बोलने लगे तुमसे जो बने कर लो जहां जिसके पास जाना जाओ जिसकी शिकायत शुक्रवार को उनके द्वारा चौरई थाना में पहुंचकर कर दर्ज कराई गई।

## सड़क पर मृत मिला व्यक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे भीमसेन - न्यूटन मार्ग पर ढलान मोड़ पर सड़क पर एक व्यक्ति मृत मिला। 112 आई , पुलिस कर्मी ने एम्बुलेंस बुलवाई और मृतक को अस्पताल पहुंचाया । मृतक की बाइक न्यूटन पुलिस चौकी में खड़ी कार्रवाई गई । सड़क पर खून दिखाई दे रहा था । किसी वाहन से टक्कर के कोई साक्ष्य घटना स्थल पर दिखाई नहीं दे रहे थे । डॉक्टर के मुताबिक सिर पर गहरी चोट लगने से मौत हुई है ।

मृतक बाइक से खुद गिरा या किसी अन्य वाहन से उसे टक्कर मारी पुलिस इस दिशा में जांच करने के लिए जुट गई गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवपुरी बस्ती निवासी 45 वर्षीय दिनेश यदुवंशी बाइक से लिखावाड़ी शादी में जा रहा था । भीमसेन में न्यूटन के लिए डाउन उतरते समय वह दुर्घटना का शिकार हुआ । मृतक सड़क किनारे पड़ा हुआ था । उसकी बाइक उस से कुछ दूर एक तरफ खड़ी हुई थी । बाइक पर मृतक के कपड़ों की थैली टंगी हुई थी , जो साइलेंसर से जली हुई पाई गई । बाइक पर चाबी लगी थी । मृतक के सिर से खून बह रहा था । किसी ने 112 पर काल किया । तब पुलिस घटना स्थल पर पहुंची । बाद में परासिया थाना प्रभारी कुछ पत्रकारों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ।

घटना स्थल को बारीकी से देखा । वहां मृतक की किसी अन्य बाइक या वाहन से टक्कर के फौरी तौर पर कोई साक्ष्य नहीं दिखाई दिए । इधर डॉक्टर मानेकर की उपस्थिति में पोस्ट मार्टम हुआ । डॉक्टर के अनुसार मृतक के सिर पर गंभीर चोट लगने और खून अधिक बहने से उसकी मौत हुई है । शरीर पर अन्य कोई चोट नहीं है । सवाल ये है , कि मृतक के सिर पर चोट कैसे आई । पुलिस जांच कर रही है ।

## हाईवे किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

### क्षेत्र में दहशत का माहौल, सिंगोड़ी में पेड़ के नीचे मिला शव, पुलिस हर एंगल से कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



शनिवार दोपहर करीब 3 बजे सिंगोड़ी स्थित नेशनल हाईवे पर पटवा कॉम्प्लेक्स के सामने एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। हाइवे से गुजर रहे राहगीरों की नजर सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल सिंगोड़ी पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि मृतक की पहचान रामशाह परतेती के रूप में हुई है, जो चोखड़ा चौकी धर्मतेकड़ी थाना कुंडीपुर का निवासी था। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसके चलते पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। साथ ही पुलिस आसपास के लोगों और मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना से जुड़े किसी भी सुराग तक पहुंचा जा सके। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है।

## सड़क दुर्घटना के चौथे दिन आकाश चौरिया की मौत एक का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



न्यूटन वार्ड 5 स्टेट बैंक के समीप रहने वाले 21 वर्षीय आकाश पिता घनश्याम चौरिया की सड़क दुर्घटना के चौथे दिन मौत हो गई । दुर्घटना का शिकार मृतक आकाश का रिश्तेदार नितिन पिता आकाश वर्मा का इलाज जारी है । इस घटना से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक आकाश चौरिया और उसका भांजा नितिन वर्मा बाइक से शादी में जाने के लिए 21 अप्रैल मंगलवार को करीब 7:30 बजे छिंदवाड़ा के लिए निकले । सोनापीपरी के आगे ढाबे के समीप इनकी बाइक अनियंत्रित हुई और ये गिरकर सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकरा गए । जिससे मृतक आकाश के सिर और कांधे पर गंभीर चोट आई । वहीं नितिन की कमर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है । दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया ।

मृतक आकाश की हालत में सुधार नहीं होने पर उसके परिजन उसे ऑक्सीजन के सहारे शुक्रवार रात छिंदवाड़ा से भोपाल के चिरायु अस्पताल के लिए लेकर निकले लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया । मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर को पेंच नदी स्तिथ मोक्षधाम में किया गया । घायल नितिन वर्मा का इलाज खिरसाडोह के एक अस्पताल में जारी है ।

## महिला विरोधी' मानसिकता के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल

**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में विपक्ष की कथित महिला विरोधी मानसिकता के विरुद्ध एक विशाल 'जन-आक्रोश महिला सम्मेलन एवं विरोध मार्च' का आयोजन किया गया। स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिरकत कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष ने हमेशा नारी शक्ति के अधिकारों का दमन करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को जो संवैधानिक अधिकार और सम्मान मिला है, उसके खिलाफ किसी भी प्रकार की साजिश बर्दाश्त नहीं कीजाएगी।

### कोठे में लगी भीषण आग, साजिश या हादसा?, विभाग जांच में जुटा

## दिलदहला देने वाली घटनाः किसान के आंखों के सामने जले 9 पशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



शुक्रवार की काली रात वार्ड नं 6 निवासी किसान सुभाष घाटोड़ के परिवार पर कहर बनकर टूटी है। उनके कोठे में लगभग रात 11 बजे अचानक ऐसी भीषण आग लगी जिसने न केवल 9 बेजुबान जानवरों को जिंदा जला दिया, बल्कि एक किसान के जीवन भर की कमाई को भी राख के ढेर में बदल दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात किसान के खेत में बने हुए आग लग गई, आज की सूचना पड़ोसियों के द्वारा किसान को मिली,रात्रि 11:30 बजे के किसान जब अपने खेत में पहुंचा तो वहां पर कोठा और उसमें बंधे हुए जानवर जलते हुए नजर आ रहे थे।

सौसर नंबर प्रशासन को जानकारी मिलने के बाद में फायर ब्रिगेड की लगभग 8 गाड़ियों ने सुबह तक आग बुझाने का कार्य किया है।किसान के कोटे में 16 जानवर बंधे हुए थे जिसमें से 9 जानवर मौके पर ही तड़प तड़प कर जल गए बाकी जानकर आग की लपटों से झुलस गए है।

घटना में 2 बैल जोड़ियां, गाय और बछड़े इस कदर जल गए कि उनकी पहचान करना भी मुश्किल है। कोठे में रखी पूरी फसल और खेती का कीमती सामान जलकर खाक। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर सोशल एसडीएम सिद्धार्थ पटेल तहसीलदार भावना मलगाम नगर पालिका सीएमओ मौसम पालीवाल ने व्यवस्थाएं बनाई।

इसके साथ ही विधायक विजय चौरे जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने पहुंच कर पीड़ित किसान के परिजनों से चर्चा करते हुए सांत्वना दी है। घटना को लेकर किसान के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि यह आग लगी नहीं, बल्कि आपसी रंजिश के चलते जानबूझकर लगाई गई है।

आग लगाने वालों पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई करनी चाहिए। मामले में संवेदना व्यक्त करते हुए वार्ड वासियों के द्वारा किस को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने की मांग भी अधिकारियों से की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही है। क्या यह वाकई किसी की सोची-समझी साजिश है? सच्चाई जांच के बाद ही साफ हो पाएगी। फिलहाल हिसाब की घटना को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है।

## दमुआ में 3 से 4 दिन के अंतराल में की जा रही पानी सप्लाई से नगरवासी परेशान

# जलसंकट गहराया: नागरिक बूंद-बूंद को मोहताज, प्रशासन बेपरवाह



**ग्रीष्मकाल की तीखी धूप और बढ़ती गर्मी के बीच दमुआ नगर के वार्डों में पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। नगर पालिका दमुआ के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 1 से 18 तक के नागरिक इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका और जल विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस मूलभूत समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि नगर में पानी की सप्लाई 3 से 4 दिन के अंतराल में की जा रही है, वह भी मात्र एक से डेढ़ घंटे के लिए। इससे लोगों को पर्याप्त पानी संग्रहित करने का मौका नहीं मिल पाता और उन्हें कई दिनों तक पानी के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि पानी सप्लाई का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है। जल आपूर्ति करने वाले पंप ऑपरेटर अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी मोटर चालू और बंद कर देते हैं। परिणामस्वरूप कई बार नागरिकों को यह पता ही नहीं चलता कि पानी कब आएगा, जिससे वे पानी भरने से वंचित रह जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि यदि एक निश्चित समय सारणी के अनुसार जल आपूर्ति की जाए, तो वे अपनी जरूरत के अनुसार पानी संग्रहित कर सकते हैं।वार्ड क्रमांक 18 के नंदौरा क्षेत्र में स्थिति और भी विडंबनापूर्ण है। यहां पानी की पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन अभी तक अधिकांश घरों को कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। पाइपलाइन होने के बावजूद जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। मजबूरी में प्रशासन द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन यह व्यवस्था भी अपर्याप्त और अव्यवस्थित है। कई बार टैंकर समय पर नहीं पहुंचते, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।नागरिकों का कहना है कि एक ओर पानी की आपूर्ति घटा दी गई है, वहीं दूसरी ओर पानी का शुल्क दोगुना कर दिया गया है। वर्तमान में महीने में केवल 6 बार पानी दिया जा रहा है, लेकिन शुल्क पूरे महीने का वसूला जा रहा है। इस स्थिति से लोगों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त सेवा दिए ही शुल्क बढ़ाना सरासर अन्याय है।स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित अधिकारी मौके पर निरीक्षण तक करने नहीं आते। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों का प्रशासन पर से विश्वास उठता जा रहा है।इसके अलावा नगर में सार्वजनिक प्याऊ की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। भीषण गर्मी में राहगीरों, ग्रामीणों और यात्रियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में दुकानों से महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है।

## खर्चीली शादी को अंबेडकरी समाज ने नकारा: सौंसर में बौद्ध पद्धति से संपन्न हुआ सादगीपूर्ण विवाह



**सौंसर।** वर्तमान समय में जहाँ शादियों में दिखावे और फिजूलखर्ची का चलन बढ़ गया है, वहीं नगर के वार्ड नंबर 11 स्थित बुद्ध विहार में एक आदर्श विवाह संपन्न हुआ। बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति, सौंसर के तत्वावधान में सावनेर निवासी धर्मेंद्र पाटिल और बिछुआ निवासी गीता गजभिए ने खर्चीली शादी की परंपरा को नकारते हुए सादगी के साथ बौद्ध रीति-रिवाज से 70 से 80 समाज बंधुओ की उपस्थिति में एक-दूसरे का हाथ थामा। नवदंपति ने समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। विवाह के दौरान किसी भी प्रकार का शोर-शराबा, डीजे या बैंड-बाजा नहीं था। वर-वधू ने बताया कि फिजूलखर्ची को दूर रखने का निर्णय लिया ओर हमने तथागत बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के धम्म को साक्षी मानकर सादगीपूर्ण तरीके से जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया है। उपासक दामोदर सहारे द्वारा पंचशील और जयमंगल अष्टगाथा के पाठ के साथ संपन्न कराई गईं। इस अवसर पर समिति की ओर से नवविवाहित जोड़े को बुद्ध और उनका धम्म भेंट कर उनके सुखद भविष्य की मंगल कामना की गई। इस सादगीपूर्ण विवाह के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति संरक्षक मुरलीधर कामले,डॉ वाय एल ठवरे,अध्यक्ष मुकेश बागडे सिद्धार्थ सोमकुँवर मिलिंद बसोड़, कैलाश गजभिए, विजय नागदवने, अंकुश पाटिल, प्रवीण पाटिल आदि उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ परिसर में हुई साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



गायत्री शक्तिपीठ नन्दन में ₹गंगा सप्तमी के उपलक्ष्य में आज दिनांक 23 अप्रैल 2026 दिन गुरुवार को, प्रातः 7.30 बजे, प्रातः साढ़े सात बजे से गायत्री शक्ति पीठ परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें श्री रामरतन बेलवंशी श्री संतोष प्रजापति राजू बेलवंशी जी श्री दिलीप सूर्यवंशी जी श्री रियन राकेशिया श्री सुनील सूर्यवंशी श्री मति गीता प्रजापति श्रीमति त्रिवेणी वर्मा जी एवं अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे जिसमें लगभग 3 घंटे सफाई अभियान चलाया गया इसके बाद स्वच्छता शपथ ली गई साथ ही सभी परिजनों ने स्वल्पाहार लेकर कार्यं क्रम का समापन किया।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का हुआ समापन



**जुन्नारदेव।** खेल और युवा कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग जुन्नारदेव के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत खैरवानी में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें खेल युवा कल्याण विभाग जुन्नारदेव द्वारा बुजुर्ग महिला जुगया बाई ठाकुर को शाल एवं श्री फल देकर सरपंच खैरवानी छोटू उईके ने सम्मानित किया इस अवसर पर सरपंच महोदय जी ने नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए नीतू वर्मा ने पोषण आहार की जानकारी दी इस अवसर पर सचिव धनीराम साहू,तुलाराम यदुवंशी ब्लॉक समन्वयक विभा तारन,नीतू वर्मा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति आम्रवंशी खैरवानी, शांता उईके एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सहायिका महिलाएं उपस्थित रहीं अंत में आभार विभा तारन समन्वयक ने व्यक्त किया।

## सांसद ने दो जरूरतमंदों को दी 35 हजार की व्यक्तिगत सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** हर जरूरतमंद और निर्धन लोगों की सेवा में हर दम तत्पर रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने मानवता का परिचय देते हुए दो लोगों को तत्काल ही व्यक्तिगत तौर पर 35 हजार की सहायता राशि दी है। जिससे जहां एक छात्रा की फीस जमा हो सकेगी वही दुसरे की आर्थिक मदद हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू को जानकारी लगी थी कि ग्राम अतरवाड़ा निवासी चैतु धुर्वे का मकान अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण पूरी तरह से जल गया है। सांसद श्री साहू ने अतरवाड़ा पहुंचकर पीड़ति धुर्वे परिवार से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए उन्हें व्यक्तिगत तौर पर 15 हजार की सहायता राशि उपलब्ध कराई साथ ही मौके पर ही अधिकारियों को फोन लगाकर चैतु धुर्वे को हुए आर्थिक नुकसान का प्रकरण तैयार कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ₹बब्लू पटेल₹ के मनोनयन के बाद जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं किसानों में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नियुक्ति की घोषणा के बाद से ही उन्हें लगातार सोशल मीडिया एवं विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने शुक्रवार सुबह सर्वप्रथम कपूर्धा माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा इसके पश्चात जोड़ा हनुमान मंदिर में दर्शन कर जिले की समृद्धि एवं किसान हितों के लिए प्रार्थना की। मंदिर दर्शन के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से आत्मीय भेंट की, जहां कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इसके बाद सेवा सदन कार्यालय में उनके सम्मान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर युवा कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत कर अपनी खुशी व्यक्त की।

नवनियुक्त किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने छिंदवाड़ा पहुंचकर जिले के लोकप्रिय सांसद श्री विवेक बंटी साहू से सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पश्चात उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव से भेंट कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके स्नेह एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। विदित हो कि प्रदेश संगठन द्वारा गुरुवार रात्रि को शैलेन्द्र रघुवंशी के नाम की घोषणा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के लिए की गई।

## जिला जेल में हुआ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मुख्य पीठ जबलपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाली केन्द्रीय जेल, जिला जेल एवं उपजेलों में दिनांक 25/04/2026 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित करने हेतु प्राप्त आदेशानुसार माननीय सुशांत हुद्दार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा कुशल मार्गदर्शन में 25/04/2026 को जिला जेल छिंदवाड़ा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा एवं जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा जिला जेल छिंदवाड़ा निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ईलाज किया गया एवं दवाईयां वितरित की गई। विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ केन्द्रीय जेल जबलपुर से माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति महोदय, म.प्र.उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया तत्पश्चात जिला जेल छिंदवाड़ा के विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ माननीय सुशांत हुद्दार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने अपने उद्बोधन में बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एवं निरोगी रहना प्रत्येक व्यक्ति का मानवाधिकार है। म.प्र.उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की सोच के अनुरूप यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है, इसका उद्देश्य जेलों में निरूद्ध बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उपचार कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। विशेष स्वास्थ्य शिविर में 170 पुरूष, 15 महिला बंदी एवं 1 बच्चे का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त विधिक सहायता शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के अंतर्गत कार्यरत लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स के सदस्य उपस्थित रहे। विधिक सहायता शिविर में 10 बंदियों को विधिक सहायता एवं 45 बंदियों को विधिक सलाह प्रदान की गई।

# रेत पर बवाल, शराब पर सरकार मेहरबान! लांजी में सरपंच संघ का फूटा गुस्सा

### रेत संकट से ठप पड़े विकास कार्य, राजस्व-खनिज विभाग पर गंभीर आरोप, ' गाढ़ी कमाई' के लालच में घाट-घाट घूम रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

क्षेत्र में लगातार गहराते रेत संकट ने अब जनप्रतिनिधियों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। रेत की कमी से जहां शासकीय निर्माण कार्यों से लेकर निजी मकानों का निर्माण प्रभावित हो रहा है, वहीं अब इस मुद्दे पर सरपंच संघ ने प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लांजी सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे ने सरकार की नीतियों और अधिकारियों की कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कबीरे ने कहा कि प्रदेश सरकार को सबसे पहले रेत खदानों और ठेकों की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए थी, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से चलते रहते। लेकिन सरकार ने पहले शराब ठेकों को प्राथमिकता देकर यह संदेश दे दिया कि उसे जनता की बुनियादी जरूरतों से ज्यादा राजस्व कमाने की चिंता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार रेत उपलब्ध कराने में असफल रही, लेकिन घर-घर नशा पहुंचाने की तैयारी पहले कर दी गई।

**रेत के अभाव में थमे विकास के पहिए:** सरपंच संघ अध्यक्ष ने बताया कि पंचायतों में चल रहे कई निर्माण कार्य रेत की अनुपलब्धता के कारण अधूरे पड़े हैं। प्रधानमंत्री आवास, सीसी सड़क, नाली निर्माण और अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आम नागरिक अपने घरों के निर्माण के लिए रेत नहीं जुटा पा रहे हैं और मजबूरी में महंगे दामों पर रेत खरीदने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि हर तरफ सिर्फ रेत संकट की चर्चा है।

**राजस्व दफ्तरों में लंबित फाइलें, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी:** कबीरे ने राजस्व विभाग पर भी गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पंचायतों के



जमीन विवाद और अन्य राजस्व मामलों की फाइलें महीनों से धूल खा रही हैं। दूर-दराज गांवों से बुजुर्ग, महिलाएं और किसान बार-बार दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों को जनता की समस्याएं सुलझाने का समय नहीं है, लेकिन रेत पकडऩे के नाम पर दिन-रात घाटों की निगरानी की जा रही है।

**' गाढ़ी कमाईसी के लालच में घाट-घाट दौड़ रहे अधिकारी:** सरपंच संघ अध्यक्ष ने सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ अधिकारी गाढ़ी कमाई के लालच में सुबह-शाम घाट-घाट घूमकर ट्रैक्टर पकडऩे में लगे रहते हैं। उनका आरोप है कि अवैध मुरूम, मिट्टी उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, लेकिन रेत के नाम पर ट्रैक्टर चालकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रेत संकट का समाधान नहीं किया गया और प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारी तो सरपंच संघ जनता के साथ सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा।

# 16 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कौलीवाड़ा में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 16 वर्षीय बालिका ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

प्राप्त जानकारी अनुसार बालिका अपने भाई-बहनों के साथ जबलपुर में रहकर कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रही थी। दसवीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद वह करीब एक माह पूर्व अपने गृह ग्राम कौलीवाड़ा लौटी थी। शुक्रवार की शाम जब घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कार्यों से बाहर गए हुए थे, उसी दौरान बालिका ने घर के दूसरे कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

शाम लगभग 5 बजे जब बालिका की माता काम से घर लौटीं, तो उन्होंने बेटी को कमरे में फंदे से लटका हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही उन्होंने तत्काल परिजनों और आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। वहीं रामपायली पुलिस को भी सूचित किया गया।

सूचना मिलने पर रामपायली की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और स्थल निरीक्षण कर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं परीक्षा परिणाम से जुड़ा तनाव तो वजह नहीं, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। रामपायली पुलिस ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर से किशोरों में बढ़ते मानसिक दबाव और जागरूकता की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

## लांजी की मेधा को मिला सम्मान, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर बरसी सराहना



### सम्मान समारोह में 10वीं-12वीं के मेधावियों का हुआ सम्मान, प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वालों को मिली विशेष पहचान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी परिसर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लांजी द्वारा विकासखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, परिश्रम और सफलता का उत्सव देखने को मिला, जहां विकासखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय अवसरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश लाड़े एवं कैलाश गोस्वामी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.के. भीमटे ने विकासखंड लांजी के बोर्ड परीक्षा परिणामों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी से पल्लवी गजानंद मेश्राम (97 प्रतिशत) एवं अनीशा बसंत पांडे (91.6 प्रतिशत), पीएम श्री कन्या लांजी से निधि लक्ष्मण ढोक (97.2 प्रतिशत) एवं संध्या डेलचंद घोरमारे (92.4 प्रतिशत), पीएम श्री कुम्हारीकला से साधना गजेंद्र नखाते (90.6 प्रतिशत) एवं प्रशांत विकेश मढ़ामें (89 प्रतिशत) शामिल रहे। पीएम श्री भानेगांव से हिमांशी गगन शेंडे (92.6 प्रतिशत) एवं डाली संजय बांगरे (91.6 प्रतिशत), संदीपनी विद्यालय बोलेगांव से अनुष्का विजय कटरे (97.2 प्रतिशत), योगिता विजय दमाहे (97.2 प्रतिशत) एवं प्रीति रेखलाल कावरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमनी से प्रतिज्ञा चोरनेले (94.40 प्रतिशत) एवं कसक भूजलसिंह सोलंकी (92.20 प्रतिशत) सम्मानित हुए।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की जागृति तीर्थदास लिल्हारे ने 98.6 प्रतिशत तथा शासकीय हाई स्कूल रिसेवाड़ा के रौनक गुणीराम बागड़े ने 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा गरिमा राजेश पटले, माधवी दिलीप बिसेन, खुशी सुरेंद्र पटले, भूपेंद्र दिनेश गजबे, अंजली पूरण बसेना, महिमा रविंद्र वाल्दे, ज्योति चोरवाडे, अश्विन अभिमन्यु ढोक, आरुषि ईश्वरदास नगपुरे, रीति दुरुगलाल दमाहे सहित कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अंत में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## स्काऊट गाईड के विद्यार्थियों ने रेल्वे स्टेशन में यात्रियों को पिलाया ठंडा पेय

# जल संरक्षण के बारे में यात्रियों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जल संचय के प्रति जागरुकता लाने के लिए वारासिवनी अनुविभाग के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत स्काऊट, गाईड की टीम द्वारा वारासिवनी रेल्वे स्टेशन के प्रांगण में जल प्रदाय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रेल्वे स्टेशन से गुजरने वाली रेल के यात्रियों और प्रांगण में ठहरे हुए यात्रियों को ठंडा पानी पिलाकर उनके सूखे कंठों को तर करने का छोटा सा प्रयास किया गया। इस दौरान इन स्काऊट, गाईड के विद्यार्थियों ने यात्रियों को जल है तो कल है, जल ही जीवन है के सिद्धांत से यात्रियों को अवगत कराते हुए उन्हें जल संचय के लिए प्रोत्साहित किया। इस शिविर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा रामपायली, शासकीय हाई स्कूल लड़सड़ा, शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया बडग़ांव, शासकीय माध्यमिक शाला नेवरगॉव वा, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला लोहारा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल मेंढक़ी के स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनका मार्गदर्शन जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, निर्माण समिति अध्यक्ष पंचम हनवत, जिला संघ कोषाध्यक्ष भेजेंद्र कुमार चौधरी, जिला काउंसलर हरिप्रसाद देशमुख, स्काउटर सुरेंद्र सिंह पंद्रे, विष्णु कुमार पटले, गाइड कैप्टन श्रीमती नीता बोपचे, श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, श्रीमती रेवती उइके, श्रीमती सुनीता भलावी, श्रीमती उषा मसराम, श्रीमती ममता दुबे, श्रीमती उमावती मार्को, श्रीमती रतनमाला गौरे ने किया। शिविर में मनीष मिश्रा द्वारा यात्रियों एवं बच्चों को अपनी तरफ से निःशुल्क पेय का वितरण किया गया। इस प्रांगण में स्टेशन मास्टर श्री कटरे, टिकट काउंटर पर बैठने वाले गोनाडे जी भी उपस्थित रहे। रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों और रेल्वे स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों ने विद्यार्थियों के इस सेवाभावी भाव की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छी सेवा है, जल के बगैर कुछ नहीं होता हैं, जल ही जीवन है और सूखे कंठ को ठंडा पेयजल पिला करके एक पुनीत कार्य किया जा रहा है, ऐसी प्रेरणा भगवान सभी को दे।

## आंगनबाड़ी केंद्र साल्हे में कुपोषित बच्चों के कुपोषण प्रबंधन हेतु न्यूट्रेशन किट का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** महिला बाल विकास विभाग किरनापुर के सेक्टर साल्हे आंगनबाड़ी केंद्र में 24 अप्रैल 20264 को आंगनबाड़ी केंद्र साल्हे में कुपोषित बच्चों को न्यूट्रेशन किट वितरण किया गया । जिसमें गर्भ, धात्री , कमजोर अति कम वजन वाले बच्चों को पोषण संबंधीत जानकारी दी गई ।पोषण का मतलब आपके शरीर को कितने पोषण तत्व मिल रहे हैं, आपको आयरन, कैल्शियम ,विटामिन में पोषण मिल रहे हैं या नहीं, इसकी जानकारी न्यूट्रेशन किट के द्वारा दी गई, एक किट तैयार कर कमजोर बच्चों को वितरण किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच महोदय व परियोजना अधिकारी किरनापुर मैडम श्रीमती अमृता कुजूर व सुपरवाइजर मैडम समोता मश्करे , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजनी बिसेन व तोमेश्वरी उदयपुरे व 03से 06वर्ष के बच्चे व माताएं भी शामिल थी।इनके समझ कुपोषण की जानकारी के माध्यम से कुपोषण को मिटाने के लिए न्यूट्रेशन कीट तैयार की । और कुपोषण के बारे में समझाया गया।

खबर संक्षेप



## 1 मई से 1400 घंटा चलेगी जेसीबी मशीन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जेसीबी यूनियन की कान्हीवाड़ा ब्लॉक की बैठक में सम्मिलित हुआ। कान्हीवाड़ा ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष साजिद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में जेसीबी के रेट को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में सभी जेसीबी मालिक द्वारा सर्व सहमती से यूनियन के अध्यक्ष दीपू कनोजिया द्वारा सिवनी जिले की सभी जेसीबी मशीन का किराया 1400 प्रति घंटा किया गया जो 1 मई से लागू किया जाएगा साथ ही हर मशीन मालिक को अपनी मशीन का रजिस्ट्रेशन 1 मई तक यूनियन में करवाना अनिवार्य किया गया है अतः सभी जेसीबी मालिक से निवेदन है कि जिसने अपनी मशीन का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वह यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सूमो जी के ऑफिस में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं जिस मशीन का रजिस्ट्रेशन यूनियन में नहीं होगा उस मशीन मालिक का यूनियन द्वारा कोइ सहयोग नहीं किया जाएगा इस बैठक में जेसीबी यूनियन के अध्यक्ष ने बताया कि यूनियन द्वारा निर्धारित रेट में मशीन नहीं चालाने पर यूनियन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में उपस्थित रहे अध्यक्ष दीपू कनोजिया बबलू सूमो वसीम खान राहुल सैनी हेमंत नट्टू ठाकुर साजिद पटेल एवं सभी जेसीबी मालिक।



## जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं सतीशचंद्र राय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 25.04.2026 को प्रातः 9.00 बजे जिला जेल सिवनी एवं उपजेल लखनादौन में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में बंदियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं विशिष्ठ बीमारियों जैसे कैंसर, एचआईवी एवं टीबी जैसे रोगों की जांच के साथ आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। गंभीर रूप से बीमार बंदियों को आगे उपचार हेतु चिन्हित किया गया। प्रत्येक बदी के हेल्थ कार्ड में उनकी बीमारी का विवरण अंकित किया गया एवं आवश्यकतानुसार उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया।

उक्त शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें बंदियों को उनके प्रकरणों की जानकारी देते हुए आवश्यक विधिक सहायता प्रदान की गई।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत खिलाडियों ने दिए सशक्तिकरण के संदेश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सिवनी द्वारा मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों के बालक एवं बालिका खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे एवं विभागीय स्टाफ द्वारा अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया (जिला पंचायत अध्यक्ष) उपस्थित रहीं।

# नगर परिषद बरघाट की मनमानी के चलते पार्षदों का संयुक्त दल पहुंचा कलेक्टर के दर, सौंपा ज्ञापन

**विकास मोर्चा बरघाट के पार्षदों ने जिला कलेक्टर मोहदया को संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन**
**मुख्य मांगो सहित नगर परिषद बरघाट में हो रहे नगर वासियो के साथ छलावा किया प्रकट**

**राकेश अगरवार । हरिभूमि बरघाट। देश की दो कद्दावर पार्टी की एकजुटता का प्रतीक साबित हो रही नगर परिषद बरघाट में चारो तरफ सईयां भए कोतवाल तो डर काहे का की तर्ज पर हर भ्रष्टाचार छुपाने के लिए सभी नियम कानून ताक पर रख दिए गए हैं।**

जब नगर परिषद बरघाट मे विश्व का पहला अजूबा राजनीति इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखने वाला काम अपने आप को देश की ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भारतीय जनता पार्टी ने देश की दूसरी बड़ी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से नगर परिषद अध्यक्ष का पद हथियाने के लिए वो भी निर्दलीय अध्यक्ष को बनने से रोकने के लिए एक दूसरे को पानी पी पी कर कोसने वाले दलों ने सांठगांठ कर भाजपा ने कांग्रेस से समर्थन मांगकर अध्यक्ष बना दिया जो दुनिया का हर अजूबा से हटकर हुआ और आज भी एक दूसरे की उंगली पकड़कर नगर सरकार चला रहे जहां जनता को सुविधा मिलने की जगह आप सुविधाओं में व्यस्त हैं वहीं एक दूसरे को छोटा दिखाने में लगें हुए हैं बरघाट नगर की जनता कांग्रेस को मात्र 3 तीन एवं भाजपा को 5 पाच पार्षद दिए थे जो की बहुमत से बहुत दूर थे लेकिन नगर की जनता रंजीत वासनिक के नेतृत्व को अपना भरपूर समर्थन दिया था।

### संयुक्त पार्षद दल पहुंचा कलेक्टर के दर पर क्या होगी कठोर कार्यवाही

नगर परिषद बरघाट जिसका ही परिणाम था विकास मोर्चा के 7 सात पार्षद ने जीत दर्ज करने में सफलता पाई थी जिसका बदला यह भाजपा कांग्रेस के लोग उन सातो पार्षदों के वार्डो में भेदभाव करते हुए विकास काम नहीं कर रहे है जिसको लेकर अनेकों बार मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन वेदप्रकाश पुरी भी कोई ध्यान देकर नगर सरकार के हाथ की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं ।

### मूलभूत सुविधाएं जड़ से हो रही है खत्म नही सुनता है कोई आम जनों की फरियाद

निष्क्रिय अफसरशाही अड़ियल रवैया के चलते नगर परिषद



बरघाट में जिसका यह परिणाम आ रहा की जनता पानी, सफाई, बिजली , अतिक्रमण , यातायात व्यवस्था को लेकर परेशान हैं जिस संबंध में जिले नवनियुक्त कलेक्टर श्रीमती मीणा से मुलाकात कर उनका स्वागत किया व नगर परिषद बरघाट की संगीता रंजीत वासनिक , सुधा रामसिह कंगाली, बाबर खान, रूचिका राकेश वासनिक, जितेन्द सिंगारे, साक्षी ढालसिह बिसेन, किरण नीरज सूर्यवंशी ने नगर परिषद बरघाट मे मची मनमानी भ्रष्टाचार को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें पार्षदों द्वारा डीजल की जानकारी मांगने पर नहीं देने का हवाला दिया जा रहा है ।

### किया गया है लाखो का वारा न्यारा गया किसकी जेब में कार्य कुछ भी नही

परिषद बरघाट में भारी भ्रष्टाचार होने के शक में सूचना का अधिकार के डीजल की जानकारी सन 23-24, 25-26 सन की मांगी गई जो छै माह हो जाने के बाद भी नहीं दी गई जिसमें भारी गोलमाल की संभावना है जिसकी निष्पक्ष जांच की जाएं। नगर बरघाट का पुराना नलकूप जो कान्हीवाडा रोड पर जहां कमरा बनाकर सुरक्षित रखा गया था जो नगर के तीन चार वार्ड की प्यास बुझाता था आज इस भीषण गर्मी में उस नलकूप को बंद कर दिया जिसमें नगर की जनता को पानी-पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है इधर नगर परिषद आंख बंद करके सोई हुई है,

### नगर की जनता के साथ बरघाट एस डी एम की बैठक भी रही बेअसर

नगर में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त डाक्टर भीमराव अम्बेडकर बस स्टैंड बन गया जहां के कमरे लाखों में लोगों ने खरीद कर दुकान खोले हैं जिससे उनका जीवन यापन हो सकें लेकिन नगर परिषद बरघाट उस ओर ध्यान नहीं देना चाह रही जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरघाट के साथ नगर की जनता बैठक कर यह निर्णय कर चुकी हैं कि नगर के दोनों बस स्टैंड चालू रखे जाएं जिससे आम जनता को परेशानी न हो उसके बाद भी नगर परिषद बरघाट कुछ नहीं कर पा रही है।

### गुणवत्ताहीन बनाई गई डामरीकृत रोड़ शेष राशि का किया गया गोलमाल

बरघाट नगर में भेदभाव अपनाते हुए वार्डो में रोड़ के ऊपर डामर रोड बना दी गई जो कि पूरी तरह गुणवत्ता विहीन है अभी रोड बने छै माह भी नहीं हुए और रोड की स्थिति सामने आने लगी बरसात में तो इस रोड़ का हाल भगवान ही जाने भारी भ्रष्टाचार किया गया जिसकी भी निष्पक्ष जांच होना चाहिए। नगर के मध्य से कान्हीवाडा केवलारी जाने वाले पीडब्ल्यूडी सड़क जो कि मात्र एक रोड है जो किसी शहर को जोड़ती है व एक चौक का काम करती जहां से सिवनी बालाघाट रोड़ है इस कान्हीवाडा चौक में अतिक्रमण कर के यातायात प्रभावित किया जा रहा है। भारी अतिक्रमण का फैला मकड़ जाल नही कोई सुध लेने वाला जिसको भी हटाकर यातायात व्यवस्था कि जाए सहित विभिन्न मांग शिकायत पत्र सौंप कर निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की गई है साथ ही विकास मोर्चा पार्षदों के वार्डो में हो रहे भेदभाव की जांच कर जनता हित के काम चालू किए जाएं। ज्ञापन सौंपते समय पार्षदों के साथ समाजसेवी विपिन जैन, हृदेश त्यागी अन्य जन उपस्थित थे। जिस पर कलेक्टर महोदय ने सबसे पहले मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को दिखाने का अश्वशन दिया व बाकी सभी मांगों पर भी ध्यान देने की बात कही है क्या नगर परिषद बरघाट में खुलेआम हो रहे अनाचार अत्याचार भ्रष्टाचार पर जिला कलेक्टर जांच कर कठोर कार्यवाही करेंगे या नही यह समझ के परे है।

# अज्ञात चोरों ने पटवारी के घर से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार ग्राम में शुक्रवार रात एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने पटवारी के घर से नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी आधार सिंह बघेल तहसील कार्यालय सिवनी में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं। वे मूल रूप से खुर्सीपरकला के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में डूंडासिवनी थाना क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी में रहते हैं। उनका पैतृक मकान खुर्सीपरकला में है, जहां कोई स्थायी रूप से निवास नहीं करता।आधार सिंह बघेल ने अपनी शिकायत में बताया कि एक सप्ताह पहले वे गांव गए थे। उन्होंने मकान के अंदर बने कमरे की अलमारी में करीब एक लाख रुपए नकद और पुराने सोने-चांदी के जेवर सुरक्षित रखकर ताला लगा दिया था। शनिवार सुबह उनके छोटे भाई ने फोन पर सूचना दी कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है। सूचना मिलते ही आधार सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे के साथ-साथ अंदर के कमरे का ताला भी टूटा हुआ था।कमरे में रखी अलमारी खुली थी और उसमें रखी नकदी व जेवरात गायब थे। चोरी की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद बरघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच अधिकारी नियुक्त किया है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।

### जल्द ही आरोपी को करेंगे गिरफ्तार

बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश बेस ने बताया कि संदिग्धों की तलाश के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## CUT परीक्षा 27 अप्रैल से 14 मई तक आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2026-27 में प्रवेश के लिए CUT परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं उनको संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा।स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/माइनर के इतर अन्य विषय/संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें भी अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। ऐसे विद्यार्थी प्रातः 11 से 2:00 बजे के बीच कार्य दिवस में किसी भी दिन, दिनांक 27 अप्रैल 2026 से 14 मई 2026 तक उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते हैं।

# अवैध रेत उत्खनन में माइनिंग विभाग की कार्यवाही, अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**केवलारी। नेहा मीणा कलेक्टर सिवनी एवं जिला सहायक खनिज अधिकारी सोहन सलामे को जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन मे उगली क्षेत्र की शिकायत मिली थी कि क्षेत्र की अधिकृत खदानो के अलावा नदी नालो से अवैध रेत बिना रॉयल्टी की परिवहन हो रही है ।**

कलेक्टर ने सक्त निर्देश देते हुये निरीक्षक को निर्देशित किया था कि अबैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगायी जाये कलेक्टर के निर्देशन मे सेवंती परते खनिज निरीक्षक, रंजीत डेहरिया प्रभारी खनिज निरीक्षक ने रेत माइनिंग क्षेत्र उगली बागडोगरी ,नसीपुर, सकरी क्षेत्र का दौरा कर खनिज रेत से भरे परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली मिलने पर ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी -46ए 5874 कोजप्त कर उगली थाना एवं ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक-एमपी -54 एए -1715 जब्त कर थाना कन्हीवाड़ा मे सुपुर्द कराया। दोनों चालक से पुछताक्ष उपरांत पंचनामा प्रतिवेदन बनाकर प्रकरण दर्ज किया गया ।

# टेंट का सामान भरकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चार घायल



छपारा। नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन के पास स्थित ग्राम रणधीर नगर के पास सिवनी के पास स्थित गोपालगंज से टेंट का सामान भरकर ग्राम कड़वी आ रही ट्रेक्टर -ट्राली पलट गई जिसमें सवार कुल 6 लोगों में चार घायल हो गए जिन्हें एनएचएआई की एंबुलेंस ने सूचना पर छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है, वहीं पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को लगभग 4.30 बजे के आसपास गोपालगंज से टेंट हाउस का सामान भरकर भीमगढ मार्ग पर स्थित ग्राम कड़वी में आगामी 26 अप्रैल को शादी समारोह के लिए आ रहे थे, कि एन एच 44 फोरलेन सडक़ के ग्राम रणधीर नगर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे गड्ढे में पलट गई जिसमें शुभम पिता विनोद उईके, राजेश पिता जीवन लाल मर्सकोले,संजय मर्सकोले सहित ड्राईवर गोविंद पटेल और गोलु सभी गोपालगंज निवासी को इस दुर्घटना में घायल हो गए जिनके शरीर के विभिन्न अंगों में चोटें आई हैं।

# जीएम का दौराः ब्राड गेज रेल संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

केवलारी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर रेलखंड (नागपुर मंडल) का विस्तृत निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने स्पेशल ट्रेन में विंडो ट्रेलिंग के जरिए इतवारी-छिंदवाड़ा-सिवनी रेलखंड में रेल पटरियों की स्थिति, पाइंट्स, क्रासिंग्स व सिग्नलों की दृश्यता का सूक्ष्म अवलोकन किया, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित व आरामदायक सफर सुनिश्चित किया जा सके। छिंदवाड़ा में आरपीएफ पोस्ट का लोकार्पण करने के बाद तय समय से लगभग दो घंटे विलंब से 2.15 बजे सिवनी स्टेशन पहुंचे महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के साथ नागपुर डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता, रेलवे इंजीनियरिंग, वाणज्यिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों संचालन व संरक्षा अधिकारियों का पूरा दल मौजूद रहा। सिवनी स्टेशन में महाप्रबंधक ने रेल पांतों की सुरक्षा संबंधी मापदंडों का अवलोकन किया। इस दौरान उच्च ताप में रेललाइन की नियमित जांच संबंधी मशीनरी का अवलोकन व निरीक्षण किया गया। साथ ही रेल लाइन की सुरक्षा संबंधी जांच के लिए उपलब्ध आधुनिक मशीनरी की कार्यशैली का अवलोकन किया।



**सब स्टेशन व ट्रेक मशीन विश्राम गृह का लोकार्पण किया**

अवलोकन के बाद नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता व प्रधान मुख्य अभियंता अवनीश कुमार पांडेय की उपस्थिति ने महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने नागपुर मंडल के अधीनस्थ सह ट्रैक मशीन विश्राम गृह सिवनी का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके बाद सिवनी स्टेशन परिसर में बनकर तैयार एटी इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन का भी लोकार्पण किया। एटी सब स्टेशन के प्रारंभ होने से राज्य के विद्युत मंडल से आपूर्ति बाधित होने पर भी केंद्रीय ग्रिड से 24 घंटे बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। इससे रेल सेवा बाधित नहीं होगी। हालाकि कर्मचारियों के निवास के लिए नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण फर्नीचर व कुछ अन्य कार्य अधूरे होने के कारण टाल दिया गया। लगभग एक घंटे सिवनी स्टेशन पर रूके महाप्रबंधक ने निरीक्षण के बाद बालाघाट-सिवनी सांसद भारती पारधी सहित मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्यों के साथ यात्री सुविधाओं तथा अन्य विषयों पर चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए। मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि यात्री सुरक्षा व सुविधाओं की दृष्टि से रेल प्रशासन आवश्यक सुधार के कदम उठा रहा है। रेल विस्तार संबंधी क्षेत्रीय मांगों पर आवश्यक विचार कर इन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न यात्री सुविधाओं व रेल विस्तार संबंधी विभिन्न मांगों पर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# संत शिरोमणी भूरा भगत जयंती एवं श्रीमाता जानकी जी की जयंती का आयोजन

**केवलारी** -कतिया समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि भुरा भगतजी की जयंती एवं सीता जी का अवतरण दिवस दिनांक 25/4/26 दिन शनिवार बैसाख शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को के के डोंगरे जिलाध्यक्ष सिवनी , दयाराम कौशले बबलू पहलवान नगर अध्यक्ष कतिया समाज सिवनी की उपास्तिथी में विजय अर्जुनवार अध्यक्ष के निवास केवलारी मे भूरा भगत जी एवं माता जानकी की पूजन ओर आरती के साथ मनायी गयी।सजातीय महानुभावों एवं -उपास्थित



सजातीय माताओ ने शिरोमणी भूरा भगत एवं माता जानकी की आरती उतारी।संत भूरा भगत जी के इतिहास ओर समाज के कल्याणार्थ कार्यो की अगामी रुपरेखा पर प्रकाश डाला गया ।इस मोके पर श्रीमति उर्मिला डोंगरे, मंजू अर्जूनवार, सरस्वती शिवा, रत्ना डोगरे, राधा नाग,सरस्वती भारद्वाज, प्रज्ञा अर्जुनवार,डी डी नाग सिवनी, रमाशंकर महोबिया, नत्थू लाल राकेश, विजय अर्जुनवार, नत्थू भारद्वाज बगलई, बंटी नागोत्रा, नरेंद्र चांदपुरिया, संतोष ग्यारसिया, सत्यम कोशले, राकेश जावरे,बालब्रज बागरे,शास्वत शिवा की उपास्तिथी थी।

# ऑनलाइन स्व-गणना की अंतिम तिथि नजदीक, नागरिक शीघ्र भरें विवरण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं। नागरिक पोर्टल पर स्व-गणना विकल्प के माध्यम से 30 अप्रैल 2026 तक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक ऑनलाइन स्व-गणना फार्म नहीं भरा है, वे शीघ्र इसे पूर्ण करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि 1 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं गणना' में सभी का सहयोग आवश्यक होगा।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि ऑनलाइन स्व-गणना पूर्ण करने के बाद एक एसई आईडी जनरेट होती है, जिसे 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य रहेगा। प्रगणक द्वारा सत्यापन के पश्चात ही प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी तरह ऐच्छिक है। यदि कोई नागरिक स्वयं जानकारी दर्ज नहीं करता है, तो प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रथम चरण में प्रगणक 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रत्येक घर से 33 निर्धारित प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्रित करेंगे, जिसमें मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं तथा परिवार की परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी शामिल होगी।

इस बार जनगणना की विशेषता यह है कि आधुनिक डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से बड़े स्तर पर डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता के साथ इस राष्ट्रीय दायित्व को सफल बनाने की अपील की है।

### जनगणना कार्यों की समीक्षा, स्व-गणना को बढ़ावा देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित किया कि चार्ज अधिकारियों के माध्यम से जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम एवं वार्ड स्तर तक जनप्रतिनिधियों, शासकीय अमले तथा आम नागरिकों से सतत समन्वय स्थापित करें। उन्होंने स्व-गणना को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आमजन को इसके लिए प्रेरित किया।

**बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव धूमाधाम से मनाया गया**

# सिवनी में माँ पीतांबरा बगलामुखी देवी का भव्य जन्मोत्सव, श्रद्धा और भक्ति से गूंजा धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में माँ पीतांबरा बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार (वैशाख शुक्ल अष्टमी) को बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। माँ बगलामुखी शक्ति सिद्ध पीठ, सिवनी में आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्तों और साधकों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अप्रैल, बुधवार से पूज्य गुरुमाता देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी के पावन सानिध्य में हुआ। इस दौरान रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक मंत्रजाप, पूजन-अनुष्ठान, जलाभिषेक, दिव्य



श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल को भी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक गुरु माँ के साक्ष्य में साधकों एवं शिष्यों द्वारा विधिवत सामूहिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

मुख्य दिन 24 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र काठियावाड़ के पवित्र हरिद्रा सरोवर से लाए गए जल से माँ भगवती का दिव्य अभिषेक किया गया। गौपंचामृत, कनेर, पलाश, चंपा सहित विविध पुष्पों से माँ का भव्य श्रृंगार किया गया और अनेक प्रकार के व्यंजनों से भोग अर्पित किया गया।

दोपहर में गुरुमाता द्वारा श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा प्रदान की गई तथा माँ बगलामुखी की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

गुरु माँ ने उद्बोधन देते हुए कहा माँ बगलामुखी देवी शत्रु स्तंभन ,बाधामुक्ति ,वाक्य सिद्धि ,एवं सर्व कष्ट निवारण ,की देवी हैं माँ बगलामुखी के प्रति अटूट विश्वास कर लेना एवं माँ की शरण पा लेना ही परम सौभाग्य है जिन्हें माँ की शरण मिल गई उनका जीवन धन्य धन्य हो जाता है।

# पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 25 मई तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

### नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए अधिकारी नियुक्त


सिवनी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मीना द्वारा जिले के नगरीय निकायों नगरपालिका एवं नगर परिषद की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य-2026 के लिए अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेशानुसार संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के लिए अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मामला वन परिक्षेत्र लामता सामान्य का

# वनरक्षक ने लगाएं प्रताड़ना का आरोप निलबंन को कहा द्वेषपूर्ण कार्यवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक पुरानी कहावत हैं कि "जब सैंया भय कोतवाल तो डर काहे का" जी हाँ, उत्तर वनमंडल सामान्य बालाघाट में उपरोक्त कहावत चरितार्थ नजर होते आ रही हैं। मिली जानकारी अनुसार बीते 21 अप्रैल को लामता सर्किल में पदस्थ लामता बीट में बीटगार्ड शरीफ खान का निलंबन आदेश वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे के द्वारा पारित कर दिया गया। लगभग 3-4 माह से चल रहे सिकवा शिकायत का दौरा समाप्त हो गया हैं। वनरक्षक शरीफ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निलंबन की कार्रवाई द्वेषपूर्ण तरीके से की गई हैं।


श्रीमान वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट
विषय – श्रीमति नीतू गोस्वामी, वनपाल परिक्षेत्र सहायक लामता को हटाये जाने बाबत्।
महोदय जी,
निवेदन है कि परिक्षेत्र सहायक, लामता श्रीमति नीतू गोस्वामी, वनपाल से सर्किल के समस्त बीटगार्ड, सुरक्षा श्रमिक परेशान है। श्रीमति नीतू गोस्वामी, वनपाल को बीटगार्ड का अनुभव नहीं है। जिसके द्वारा सभी बीटगार्ड एवं सुरक्षा श्रमिकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। जिससे हमें मानसिक एवं ... सुरक्षा में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।
अतः महोदय जी से निवेदन है कि श्रीमति नीतू गोस्वामी, वनपाल को हटाने की कृपा करें।
दिनांक 02.02.2026
प्रार्थी
समस्त बीटगार्ड
लामता भाग –1

### क्या हैं पूरा मामला

लगभग 3 माह पूर्व अनुभूति कार्यक्रम के दौरान लामता सर्किल प्रभारी नीतू गिरी गोस्वामी तथा वनरक्षकों के मध्य कार्यप्रणाली को लेकर विवाद हो जाता हैं। बीट गार्ड के द्वारा जिसमें शरीफ खान, सीता रावत, चन्द्रशेखर शुक्ला, हरिश कुमार रैकवार, राकेश कुमार मेरावी तथा सुरेन्द्र रंगारे के द्वारा लामता सर्किल प्रभारी के विरूद्ध वनमंडलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जाता हैं जिसमें सर्किल प्रभारी के द्वारा बीटगार्ड सुरक्षा श्रमिकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित तथा अनावश्यक परेशान करने की बात कही जाती है तथा जांच कर उपरोक्त सर्किल प्रभारी पर कार्यवाही करने की मांग की जाती हैं। उपरोक्त आवेदन में वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे तथा उपवनमंडलाधिकारी तरूण डहेरिया के द्वारा क्या कार्यवाही की गई, अभी तक रहस्य बनी हुई हैं।

### बीटगॉर्ड पर लगे थे पैसे मांगने के आरोप

बीटगॉर्ड शरीफ खान पर लगभक 2-3 माह पूर्व मवेशी प्रकरण के दौरान मवेशी मालिक ने पैंसे मांगने का आरोप लगाया था तथा सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुआ था, जिसकी जांच उपवनमंडलाधिकारी उकवा तरूण डहेरिया के द्वारा की जा रही थी। जांच के दौरान उपवनमंडलाधिकारी उकवा के द्वारा वनमंडलाधिकारी को निलबंन का प्रस्ताव भेज दिया जाता हैं। इस संबंध में बीटगार्ड शरीफ खान ने बताया कि मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार के साक्ष्य उपवनमंडलाधिकारी को नही मिले हैं उसके बाद भी निलंबन की अनुशंसा कर दी जाती हैं। निलबंन के दौरान मेरी उपस्थिति सालेटेकरी चौकी में की गई हैं। जो कि द्वेषपूर्ण तथा निजी शत्रुता के चलते की गई हैं।

### वनरक्षको की शिकायत पर नही हुई कार्यवाही

वनमंडल में पदस्थ अधिकारी रेशमसिंह धुर्वे के द्वारा वनरक्षकों के शिकायत के संबंध में जांच अधिकारी उपवनमंडलाधिकारी बैहर राकेश साक्यवार को बनाया गया था। चर्चा के दौरान साक्यवार जी ने बताया कि मेरे द्वारा जांच कर वनमंडलाधिकारी को प्रतिवेदन सौंप दिया गया हैं। आगामी कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारी का निर्णय ही सर्वमान्य हैं। वनरक्षकों की शिकायत में रंगारे परिवार की एक महिला ने भी वनमंडलाधिकारी को शिकायत में बताया था कि मेरे पति के साथ संबंधित सर्किल प्रभारी का व्यवहार या कार्यप्रणाली उचित नही हैं, जाचं कर कार्यवाही की जाए किन्तु वनमंडलाधिकारी के द्वारा उपरोक्त वनरक्षकों के आवेदन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही गई। किन्तु वनरक्षक शरीफ खान का ऑडियो क्लिपिंग के चलते निलंबन की कार्यवाही कर दी गई। शरीफ खान के निलबंन के बाद से अन्य वनरक्षको में भय का वातावरण पैदा हो गया हैं। सर्किल प्रभारी के विरूद्ध शिकायत करना वनरक्षकों को इतना महंगा पड़ जाएगा, मैदानी अमला ने इसकी कल्पना नही की थी।

### उपवनमंडलाधिरी की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

आप मियां फ़जीहत और दूसरों को नसीहत, की कहावत उपवनमंडलाधिकारी पर चरितार्थ होती हैं। मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी लामता तथा वनरक्षक शरीफ खान का वेतन काटने की कार्यवाही एसडीओ के द्वारा की गई हैं। वनरक्षक शरीफ खान का 8-9 अप्रेल को तथा रेंजर देवेन्द्र रंगारे का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की गई हैं जबकि बीटगार्ड दोनो दिन अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित थे तथा जीपीएस कैमरे में उनकी उपस्थिति नजर आ रही हैं। लेकिन उपवनमंडलाधिकारी के द्वारा वेतन काटना उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में खड़ा कर देती हैं। उपवनमंडलाधिकारी स्वयं ही अपनी निजी यात्राएं शासन की गाड़ी से करते नजर आते हैं। बालाघाट से सिवनी की यात्रा निजी कार्यों के लिए करते रहते हैं। स्वयं मुख्यालय न रहकर सिवनी की यात्रा करते हैं। किन्तु अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति न होने के चलते वेतन काटने की कार्यवाही उनकी कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं।

मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी लामता के द्वारा गोदाम प्रभारी के लिए शेवेन्द्र टेकाम वनपाल की अनुशंसा कर वनमंडलाधिकारी को भेजा जाता हैं किन्तु उपवनमंडलाधिकारी के द्वारा चहेते सर्किल प्रभारी को गोदाम का प्रभार भी सौंप दिया जाता हैं, वहीं सर्किल प्रभारी को नोडल अधिकारी के रूप में भी प्रस्तुत किया जाता हैं। वन विभाग में जोरों पर चर्चा चल रही हैं, "जब सैंया भय कोतवाल तो डर काहे का" की कहावत की तर्ज पर वनमंडल में कार्य चल रहा हैं।

### इनका कहना हैं



लामता सर्किल प्रभारी की शिकायत के संबंध में एसडीओ बैहर के द्वारा मुझे जांच रिपोर्ट नही सौंपी गई।

**रेशमसिंह धुर्वे**
**वनमंडलाधिकारी**
**उत्तर सामान्य**
**बालाघाट।**



वनरक्षको के द्वारा की गई शिकायत पर मेरे द्वारा जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट मेरे द्वारा वनमंडलाधिकारी बालाघाट को सौंप दी गई हैं। कार्यवाही करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारियों के पास होता हैं।

**राकेश साक्यवार**
**उपवनमंडलाधिकारी बैहर**

# उपयंत्री अतीक खान हज यात्रा के लिए रवाना

## रिश्तेदार, मित्रों ने मिलकर बधाई दी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुस्लिम समाज का सबसे पवित्र स्थान मक्का मदीना हैं। हर मुसलमान की दिल-ए-ख्वाहिश होती हैं कि वह अपने जीवन में एक बार उस पवित्र स्थान का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करें। बीते कल बालाघाट बैहर रोड़ निवासी पत्रकार शफीक खान के सुपुत्र अतीक खान अपने निज निवास से हज यात्रा के लिए रवाना हुए। रवाना से पूर्व बैहर रोड़ स्थित उनके निज निवास पर पहुंचकर मित्र और उनके रिश्तेदारों ने पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाकर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। रिश्तेदारों ने गले मिलकर कहा कि उस पवित्र स्थान पर पहुंचकर हमारे लिए भी परवर दीगार मालिक मौला से दुआं करने की बात कही गई। हॉजी अतीक खान वर्तमान में सिवनी जिले के केवलारी में उपयंत्री के पद पर पदस्थ हैं। तथा इससे पूर्व भी बालाघाट के परसवाड़ा तथा बिरसा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हज यात्रा के दौरान उनका चयन इंस्पेक्टर पद के लिए हुआ हैं। बीते कल गोंदिया से विदर्भ एक्सप्रेस से मुम्बई के लिए रवाना हुए तथा मुम्बई से 28 अप्रैल 2026 को सुबह मदीना के लिए उड़ान भरेंगे। इस दौरान इनकी उपस्थिति रहीं, मोहम्मद रऊफ खान, आरिफ खान, अंसार खान, सलीम शाह, नौशाद खान (भाई), रफत खान, पिता शफीक खान, बहन राईन, वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा शाह व अन्य रिश्तेदार उपस्थित रहें।

## मिशन हार्ट के तहत 02 मई को बैहर में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर, बच्चों को मिलेगा पूरा इलाज

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में बच्चों के हृदय रोगों के उपचार हेतु प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए "मिशन हार्ट" अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में यह अभियान आगामी एक सप्ताह तक जारी रहेगा। अभियान के अंतर्गत 02 मई को शासकीय सिविल अस्पताल बैहर में बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा क्षेत्र के बच्चों के लिए विशेष हृदय रोग जांच एवं निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में 18 वर्ष या उससे कम आयु के ऐसे बच्चों की जांच की जाएगी, जो दिल की बीमारी या जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित हैं। यह शिविर 02 मई को सिविल अस्पताल बैहर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा और अपराह्न 04 बजे तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर केवल जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा। इस शिविर में मैट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के डॉक्टर के एल उमा माहेश्वर शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में बालाघाट जिले के 3 विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा के हृदय रोग से चिन्ह अंकित लगभग 55 बच्चों को बुलाया गया है, साथ ही ऐसे सभी बच्चे आ सकते हैं जिनको हृदय रोग की समस्या है या उनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है उनका फॉलो अप भी किया जाएगा एवम शिविर मैं सभी बच्चों की निःशुल्क इको जांच भी की जाएगी।

## उपजेल में लगाया गया विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**वारासिवनी।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी द्वारा 25 अप्रैल शनिवार को प्रातः 9 बजे उपजेल वारासिवनी में बंदियों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर खंड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी अधिकारी शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी द्वारा गठित टीम की उपस्थिति में आयोजित किया गया।उपजेलवारासिवनी में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में जेल में निरुद्ध कुल 116 बंदियों में 18 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यक जॉच की जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में 108 हवालाती, 06 सश्रम एवं 02 सिविल बंदी मौजूद रहे।

## जिले में अब तक 303 किसानों से 5615 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 25 अप्रैल तक जिले के 303 किसानों से 5615 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 09 मई 2026 कर दी गई है। अब तक जिले के 1459 किसानों ने गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। निर्धारित तिथि के पश्चात स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया संभव नहीं होगी।

# दुर्गम वन क्षेत्रों में 11 के.वी. केबल लाइन बिछाने का कार्य तेज, बिजली संकट से मिलेगी राहत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के सुदूर और दुर्गम वन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बड़े स्तर पर 11 के.वी. केबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की पहल पर अधीक्षण अभियंता अमित कुमार के निर्देशन में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर और बालाघाट संभाग के अंतर्गत आने वाले 14 प्रमुख वन क्षेत्रों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को बदलकर नई केबल लाइन डाली जा रही है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 2.65 करोड़ रुपये बताई गई है। विभाग का मुख्य उद्देश्य इन दुर्गम क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जहां वर्तमान में लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। इस योजना के तहत बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, उकवा सहित बालाघाट के ग्रामीण अंचलों में कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने से गंजेसर्रा, मंडवा, डोंगरिया, पीतकोना, चौरिया, जैतपुरी, दड़ेकसा, चीतालखोली, धुनधुनवार्धा, कसंगी, कुआगोंदी, माटे, पालागोंदी, कसई टोला, सर्रा, दुगलई, भूतना, नलेझरी, नरपी, मलकुआ, बरगुड़, नंदौरा, बोदलझोला, पंचेरा, खारा, कोकमा और पोलबतुर जैसे वन क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

इन क्षेत्रों में पहले खुली तारों वाली लाइनें थीं, जिन्हें अब सुरक्षित केबल लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है। इससे न केवल वोल्टेज में सुधार होगा, बल्कि जंगली क्षेत्रों में तार टूटने से होने वाले हादसों और बिजली चोरी की घटनाओं पर भी नियंत्रण लगेगा।



विद्युत विभाग द्वारा वर्ष 2025 की शुरुआत में इस कार्य को प्रारंभ किया गया था। बैहर संभाग के अंतर्गत बिरसा और परसवाड़ा क्षेत्रों में अधिकांश केबलिंग कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि बालाघाट संभाग के किरनापुर और लांजी क्षेत्रों में कार्य अंतिम चरण में है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों और किसानों को लो-वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

## स्टापडेम निर्माण में भारी अनियमितताएं

# ग्राम पंचायत सहेजना में भ्रष्टाचार चरम पर

## सरपंच दिलीप पंद्रे, सचिव जैतलाल पंद्रे, उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे सब भ्रष्टाचार के मकड़जाल में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पंचायत द्वारा स्टॉपडेम निर्माण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर में वृद्धि और कृषि सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। किंतु जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेजना के सरपंच दिलीप पंद्रे, सचिव जैतलाल पंद्रे और उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे ने उद्देश्य को दरकिनार करते हुए ग्राम झारखेड़ा परसाड़ी नाली में निर्माणाधीन स्टापडेम निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया है। और 20 लाख की राशि का बंदरबाद किया गया है।

जानकारी अनुसार, पंचायत सहेजना के ग्राम झारखेड़ा परसाड़ी नाली में जल संरक्षण के उद्देश्य से जिला पंचायत, 15 वाँ वित्त और मनरेगा के सहयोग से 20 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कराई गई, जिसमें वर्ष 2024- 25 वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना अंतर्गत 3 लाख 96 हजार रुपए, 15वाँ वित्त जिला पंचायत से 14 लाख 50 हजार एवं 15वाँ वित्त ग्राम पंचायत से 1.97 लाख की राशि स्वीकृत की गई हैं। कुल स्वीकृति 20.43 लाख रूपये निर्माण कार्य किया गया। लेकिन स्टीमेट को नजर अंदाज किया गया था। बताया जा रहा है कि स्टॉपडेम निर्माण में मानक सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। घटिया सीमेंट, कमजोर कंक्रीट और बिना तकनीकी निगरानी के किए गए काम के चलते निर्माण की मजबूती शुरू से ही संदेह के घेरे में है। कई जगहों पर दरारें और टूट-फूट साफ दिखाई दे रही है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यह स्टॉपडेम पहली ही बारिश में जवाब दे सकता है।

**भाई-भाई की मेल से पुलिया में झोलरू**

ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद उन्हें टिकाऊ निर्माण नहीं मिला। ग्राम पंचायत सहेजना के सरपंच दिलीप पंद्रे के चचेरे भाई जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे हैं। सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे के द्वारा जिला पंचायत से कार्य स्वीकृत कराया गया और उक्त निर्माण कार्य में ठेकेदार की भूमिका निभा रहे हैं। यहीं नहीं उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे की मिलीभगत से कमीशनखोरी के चलते घटिया निर्माण कर राशि का बंदरबांट किया गया है।

**उपयंत्री ज्ञानप्रकाश की कार्यप्रणालीरू**

परसवाड़ा जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे की कार्यप्रणाली फिर एक बार चर्चाओं में है। सूत्रों अनुसार जहां स्टाफडेप निर्माण कार्य में अपनी कमिशन को लेकर निर्माणाधीन कार्य की मॉनिटरिंग नहीं किया गया



और ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया गया और उपयंत्री द्वारा अपना कमीशन को लेकर एमबी फाइल भर कर राशि आहरण किया जाएगा। बताया जा रहा हैं कि पूर्व में खैरलांजी जनपद पंचायत में पदस्थ होने पर एक टीएस-एएस पर दो पाईप पुलिया का निर्माण करने का कारनामा कर चुके हैं। मौका स्थल पर स्टापडेम किस मंशा से बनाया गया हैं, समझ से परे हैं। पूरे मामले में ग्राम पंचायत सचिव जैतलाल पंद्रे से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयाय किया गया किन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

# ड्रोन कैमरे से रेकी कर अवैध रेत खनन पर पुलिस ने मारी रेड!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट पुलिस ने ड्रोन की मदद से बैनगंगा नदी के गोंगलईघाट में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस एक्शन प्लान को इतना गुप्त रखा गया कि थाने के टीआई को भी इसकी भनक नहीं लगी। नतीजा यह हुआ कि पुलिस ने रेत से भरे सात ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किए हैं। पूरा प्लान, एसपी आदित्य मिश्रा ने तैयार किया था।**

शनिवार सुबह करीब सात बजे से शुरू हुई ये कार्रवाई दोपहर एक बजे तक चली। पुलिस टीम को देखकर चालक, वाहनों को खड़ा कर भाग निकले। जिसके बाद पुलिसकर्मी ही सातों ट्रैक्टर-ट्राली चलाते हुए कोतवाली थाने पहुंचे। पुलिस अब बिना नंबर के वाहन मालिकों और चालकों का पता कर प्रकरण तैयार कर रही है। शनिवार तड़के पुलिस को अवैध उत्खनन की जानकारी मिलने के बाद एक एक्शन प्लान तैयार किया गया। पहले ड्रोन के माध्यम से उत्खनन और परिवहन की निगरानी की गई। इसके बाद, अलग-अलग छह टीमें गठित कर एक साथ बैनगंगा नदी के गोंगलईघाट पर छापा मारा गया।



एसपी के निर्देश पर रेत माफिया पर कार्रवाई के लिए निरीक्षक कामेश धूमकेती के नेतृत्व में छह टीम बनाई गईं। इनमें अलग-अलग थानों के सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल और आरक्षक शामिल किए गए। इन टीमों में साइबर सेल के चुनिंदा आरक्षकों की विशेष तौर पर शामिल किया गया। हर टीम में 10 लोग शामिल किए गए।

एसपी अभिषेक मिश्रा ने कार्रवाई से पहले हथियारों से लैस टीमों को ये नहीं बताया कि उन्हें कहां और क्या करना है। इसके बाद निरीक्षक कामेश धूमकेती को निर्देश दिए। धूमकेती ने रेतघाट से बाहर निकलने वाले सभी कट पाईंट पर अलग-अलग टीम को तैनात कर दिया। इसके बाद ड्रोन की मदद से अवैध उत्खनन पर नजर रखी। जैसे ही तस्करों ने नदी से रेत लोड करना शुरू किया। ड्रोन से लोकेशन लेने के बाद तकरीबन 12 पुलिसकर्मियों ने एक साथ रेतघाट पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही सातों ट्रैक्टर चालक और मजदूर मौके से भाग गए। जब्ती की कार्रवाई करने के बाद पुलिसवाले खुद ट्रैक्टर-ट्राली लेकर थाने पहुंचे। खास बात यह है कि कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए एक्शन की जानकारी कोतवाली पुलिस को लगी।

बालाघाट जिले में रेत का करोड़ों रुपए का अवैध कारोबार होता है। वैनगंगा, बाघ, चनई और अन्य सहायक नदियों के साथ-साथ वनक्षेत्रों से भी रेत के अवैध परिवहन की खबरें अक्सर सामने आती हैं। बालाघाट की रेत अपनी गुणवत्ता के कारण प्रदेश के अन्य जिलों और महाराष्ट्र में भी काफी मांग में रहती है। वर्तमान में जिले में रेत खनन का कोई ठेका नहीं है, इसके बावजूद बड़े पैमाने पर अवैध खनन और परिवहन जारी है।

# शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने की फेसिंग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट शहर के वार्ड क्रमांक 25 में शराब दुकान के विरोध में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने ठेकेदार को दुकान में शराब की पेटियां रखने से रोका और दुकान के सामने फेसिंग भी कर दी। महिलाओं का कहना है कि वे रात में दुकान के सामने सोती हैं, इसलिए जानवरों से बचाव के लिए यह फेसिंग लगाई गई है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाएं शराब दुकान के सामने भजन-कीर्तन कर रही हैं और वहीं भोजन भी बना रही हैं। महिलाएं दिन-रात विरोध स्थल पर ही बिता रही हैं, जिससे उनका आंदोलन लगातार जारी है।



यह शराब दुकान भाजपा की दो बड़ी नेत्रियों, सांसद और नगर पालिका अध्यक्ष, के वार्ड में खुल रही है। दुकान हटाने में हो रही देरी को लेकर अब महिलाएं भाजपा के नारी आरक्षण के मुद्दे पर तंज कसने लगी हैं।

आंदोलन में शामिल सपना पिपलेवार ने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री महिला आरक्षण की बात करती हैं और बिल पास न होने पर भाजपा की महिलाएं सड़कों पर उतर आती हैं, लेकिन उनके इस विरोध में कोई साथ नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि यह शांतिपूर्ण विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक शराब दुकान को हटाया नहीं जाता।